# राज गणगौर की सवारी किले से परम्परानुसार निकली



जोधपुर में पूर्व महाराजा गजसिंह ने शाही गणगौर का पूजन किया।

**जोधपुर,(का.सं.)।** किले के नागणेचिया माताजी के मंदिर में श्री राज गणगौर की सवारी मंगलवार को परम्परानुसार खासे में सज-धज कर लवाजमा एवं ढोल-ढमाके के साथ फतेह पोल से सायं 6.15 बजे निकली।

मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट के महाप्रबंधक जगत सिंह राठौड़ ने बताया कि सिर पर सोने की रखड़ी, कानों में झूमके, गले में कंठी व तिमणिया, कंधे से कमर के नीचे तक दोनों और लटके स्वर्ण कंदोरे से सजी गणगौर की पौशाक के रूप में सौ कलियों के खीन-खाफ के घाघरे, जिस पर असली तार गोटा के काम की पोशाक धारण किए तथा पैरों में चांदी की झांझर सहित गवर की शान देखते ही बनती थी।

जगत सिंह राठौड़ ने बताया कि किले के नागणेच्या माताजी मन्दिर के प्रांगण में पूर्व महारानी हेमलता राजे व गायत्री राज्ये ने पूजा-अर्चना की। बाद में पूर्व राजपरिवार की महिलाओं द्वारा परिक्रमा कर पूजा-अर्चना की व राजपुरोहित व राजव्यास द्वारा परम्परागत श्री गणगौर माताजी की पूजा किये जाने के बाद घूमर नृत्य, गणगौर गीत गायन के साथ राज गणगौर की सवारी महलों से उतरी।

नागणेच्चा मंदिर से पूरबियों की वेशभूषा में सफेद जामा केसरिया पगड़ी और कमरबंद बांधे हुए पालकी वाहक खासे को कंधे पर उठा कर विदा हुये। खासे लवाजमे के प्रतीक किरणिया, त्रिशूल, थम्भ, महिमरातिब, छंवर, सोने-चांदी की छड़िया धारण किये हुए छड़ीबरदार और जुलूस के अग्र भाग में राज अनुष्ठान घोड़े पर मारवाड़ का पचरंग का निशान फहराये हुए चल रहे थे। जुलूस के अंत में सूतरी नगाड़ा व नोबत ऊंट पर चल रहे थे। आगे शाही निशान, पताका स्वर्ण व चांदी की छड़ी थामे शाही लवाजमा तथा पालकी वाहकों के कंधे पर खासा पालकी में सजी स्वर्णाभूषणों व शाही वेश में लक-दक राज गणगौर की सवारी मेहरानगढ़ के महलों से सूरजपोल, लोहापोल, इमरती पोल होते हुए राव जोधा के फलसे से होकर चौकेलाव महल पहुंची।

### चौकेलाव महल से शरीक हुए गजसिंह

पूर्व महाराजा गजसिंह जी राज गणगौर की सवारी के जुलूस में चोखेलाव महल से शरीक हुए। सिर पर केसरिया साफा, सफेद शेरवानी, चूड़ीदार पायजामा पहने और हाथं में शाही तलवार लिये हुए चल रहे थे, साथ में परम्परागत वेशभूषा में रंग-बिरंगे साफे पहने महाराज, रावराजा, सिरायत, सिरदार, मुत्सदी, एहलकार व राजवेदिया, राजव्यास, दानाध्यक्ष, राजजोषी इत्यादि चल रहे थे। जुलूस में मेहरानगढ़ बैण्ड राजस्थानी गीतों की धुने बजाते हुए चल रहा था।

### फतेहपोल पर गणेश पूजन किया

महाराजा गज सिंह जी ने किले के फतेह पोल के बाहर स्थित गणेश जी की मूर्ति की पूजा की।

### भोळावणी की रस्म अदायगी की

मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट के महा प्रबंधक जगत सिंह राठौड़ ने बताया कि रानीसर पर गजसिंह ने राज गणगौर की सवारी का विधिवत् पूजन किया एवं भोळावणी की रस्म अदायगी की। उन्होंने मारवाड़ वासियों के कल्याण की कामना की।

गणगौर की सवारी के दोनों ओर खड़े सैकड़ों पुरुष व महिलाओ ने राज गणगौर के दर्शन किए व पुष्प वर्षा भी की गई।

## शपथ ग्रहण समारोह हुआ

**जोधपुर, (नि.सं.)।** राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल, जोधपुर में मंगलवार को विद्यार्थी परिषद् सत्र 2024-25 का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ ।

**सताक्षी सती हेड गर्ल व हरि अशिका शेखावत वाइस हेड गर्ल**

प्राचार्या नीरा सिंह ने बताया कि छात्रा परिषद् 2024-25 की हेडगर्ल सताक्षीसती, वाईस हेडगर्ल हरिअंशिका शेखावत, स्पोर्टस कैप्टन सुरभि उदावत, स्पोटर्स वाईस कैप्टन दित्या वंगानी,हॉस्टल प्रीफेक्ट हंसिका राठौड़, हॉस्टल कोर्डिनेटर नताषा मिश्रा, काउंसिल सेकेट्री अर्वतिका मिश्रा, कल्चरल सेकेट्री अचल रुपकौर, कैप्टन श्री अंबिका हाउस आषका मेहता, वाईस कैप्टन श्री अंबिका हाउस रिषिता भंसाली, कैप्टन श्री भवानी हाउस वान्या सोलंकी, वाईस कैप्टन श्री भवानी हाउस मालविका सिंह, कैप्टन श्री दुर्गा हाउस जयनी सिंह तोमर, वाईस कैप्टन श्री दुर्गा हाउस प्राची जैन, कैप्टन श्री शक्ति हाउस लक्ष्या गहलोत, वाईस कैप्टन श्री शक्ति हाउस मयुराक्षी नाथावत ने परिषद् सदस्याओं के रुप में शपथ ली। नीरा सिंह ने बताया कि विद्यालय में पहली बार जुनियर प्रिफेक्ट- 2024-25 कक्षा पांचवी के प्रियव्रत सिंह राठौड़, आन्या राजीव, मान्या गुलेचा, किंयारा चौपड़ा, आईरिन राणा, आरौही भार्गव, रिद्म शर्मा, पानिनी वाईके, हिरल बगरेचा, क्यारा व्यास, अंविका अरोड़ा, रितान्या मेहता और आरिनी बछावत ने जुनियर प्रिफेक्ट की शपथ ली।

मुख्य अतिथि, एओसी गौरव मणी त्रिपाठी वीएसएम ने विद्यार्थीओं को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय स्तर पर विद्यार्थी-परिषद् का सदस्य बनना एक सौभाग्य की बात है। पूर्व महाराजा गज सिंह ने संदेश भेजकर शुभकामनाएं दी। डीन एकडेमिक सीमा बख्शी, आशना जैन आदि मौजूद रहे।

# जसोलधाम में 1001 किलो सेव का लगा भोग



श्री राणी भटियाणी मंदिर जसोल में सेव प्रसाद का भोग लगाकर श्रद्धालुओं में बांटा। फोटो-राष्ट्रदूत

**बालोतरा, (नि.सं.)।** चैत्र नवरात्रि पर्व पर जसोल धाम में धार्मिक अनुष्ठान का क्रम जारी है। प्रतिदिन विद्वान आचार्यों एवम् पंडितों के द्वारा मां की भक्ति की जा रही हैं। उनके द्वारा वैदिक मंत्रों से हवन में आहुति देकर सर्वजन सुखाय की कामना की जा रही है।

नवरात्रि पर्व अष्टमी पर श्री राणी भटियाणी मंदिर संस्थान जसोल में संत महामंडल अध्यक्ष दिल्ली एनसीआर तथा पंचदशनाम जूना अखाड़ा अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता एवम् दूधेश्वर महादेव मठ गाजियाबाद महंत नारायण गिरी महाराज एवं गणेश पुरी महाराज वरिया मठ के सानिध्य में जसोलधाम के समस्त भक्तों की ओर से ट्रस्टी कर्नल शंभूसिंह देवड़ा एवं समिति सदस्य कुंवर हरिश्चंद्रसिंह जसोल द्वारा श्री राणीसा भटियाणीसा, श्री सवाईसिंहजी, श्री लाल बन्नासा, श्री बायोसा, श्री भैरूजी एवम् श्री खेतलाजी को 1001 किलो सेव प्रसाद का भोग लगाया गया। दर्शनों को पहुंचने वाले मां के भक्तों में धर्म भाव के साथ वितरण किया गया।

इस दौरान नारायणगिरी महाराज ने कहा कि चैत्र नवरात्रि के साथ प्रभु राम का जन्म और रामराज्य की स्थापना का इतिहास जुड़ा है, इसलिए इस नवरात्रि का धार्मिक महत्व है। नवरात्रि मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक होता है उन्होंने कहा कि अष्टमी के दिन देवी दुर्गा के स्वरूप महागौरी की पूजा का विधान है। यदि पूर्ण श्रद्धा भाव से दुर्गा अष्टमी का उपवास रखें व पूजा अर्चना करें तो उनके जीवन में सभी प्रकार के कष्टों का नाश होता है। साथ ही कहा कि नवरात्रि की अष्टमी तिथि के दिन कन्या पूजन और हवन का विशेष महत्व हैं। इस दिन नौ कन्याओं और एक बटुक यानि बालक को भोजन करवाता है तो परिवार में बच्चे किसी भी नकारात्मक भावनाओं से रहित होते हैं। तथा उन्हें शुद्ध आत्मा के रूप में देखा जाता है।

# गुड़ामालानी पुलिस थाना में सी.एल.जी. की बैठक हुई



गुड़ामालानी पुलिस थाना में रामनवमी पर्व को लेकर बैठक का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**गुड़ामालानी, (निसं)।** गुड़ामालानी पुलिस थाना परिसर में रामनवमी को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बाड़मेर जसाराम बोस, पुलिस उपाधीक्षक सुखराम बिश्नोई, उपखंड अधिकारी केशव कुमार मीना के निर्देशन में बैठक आयोजित हुई।

रामनवमी के कार्यक्रमों को लेकर लोगों से व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जसाराम बोस ने कहा कि आचार संहिता को देखते हुए एवं नियमों कि पालना को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम आयोजित करें। शांति व्यवस्था बनाए रखें जिससे किसी को कोई प्रकार कि परेशानी नहीं होनी चाहिए। बैठक में विद्युत विभाग अधिकारी देवेन्द्र कुमार कच्छवाह , मिश्राराम देवासी, बालकिशन खत्री, ग्राम सेवक रधुवीर चौधरी, दीपाराम चौधरी, नरसीराम जीनगर आदि उपस्थित रहे।

## तीन जिलों की ए.सी.बी. टीम ने कार्रवाई की

**जालोर, (कासं)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो सिरोही के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश चौधरी के नेतृत्व में सिरोही, जालोर व जोधपुर की संयुक्त टीम ने सहकारी बैक में व्यवस्थापकों को नियमितिकरण के लिए लाखों रूपये की रिश्वत लेने की शिकायत पर जालोर सहित अन्य ठिकानों पर सर्च कार्रवाई कर दस्तावेज कब्जे में लिये।

एसीबी सिरोही के एएसपी ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि लगभग सौ व्यवस्थापकों को नियमितिकरण के एवज में लाखों रूपये रिश्वत लेने के मामले में शिकायत दर्ज होने पर सर्च कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय सहकारी बैंक के पूर्व एमडी के.के. मीणा, जसराज मीणा व कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रवीण कुमार द्वारा व्यवस्थापकों को नियमित करने के नाम पर ऑनलाईन लाखों रूपये उनके खाते में ट्रांसजेक्शन हुए। जिसकी शिकायत दर्ज होने पर मामला दर्ज किया गया, जिसके बाद मंगलवार को जालोर, जोधपुर व सिरोही की संयुक्त टीम ने जालोर स्थित जसराज के घर रामदेव कॉलोनी, रोडला गांव में सर्च कार्रवाई कर उनके घर से दस्तावेज सहित अन्य सामग्री बरामद की। वहीं पूर्व एमडी के.के. मीणा के जयपुर स्थित किरोडी नगर आवास से दस्तावेज व अन्य सामग्री को जब्त किया। उन्होंने बताया कि पूर्व एमडी व अन्य के खाते में ऑनलाईन पैसों का लेनदेन का डेटा भी मिलना है, उक्त मामले की जांच कर खुलासा किया जायेगा।

# भगवान राम की शोभायात्रा आज निकलेगी



पाली में भगवान राम की शोभायात्रा पानी दरवाजा स्थित रघुनाथ जी मंदिर से रवाना होगी। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली, (नि.सं.)।** नव वर्ष समिति, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल समिति हिंदू संगठन की अगवाई में भगवान राम की भव्य शोभायात्रा पानी दरवाजा स्थित रघुनाथ जी मंदिर से मंगलवार सुबह धूमधाम से रवाना होगी।

शोभायात्रा में सामाजिक संगठनों, विद्यालयों की करीब 150 झांकियां राम के जीवन को दर्शाएंगी। बैंड बाजे नासिक ढोल, दुर्गा वाहिनी के साथ 36 कौम के लोग शोभायात्रा में गणवेश में शामिल होंगे। शोभायात्रा रघुनाथ जी मंदिर से रवाना होकर शहर के विभिन्न मार्गो से होकर वापस पानी दरवाजा समाप्त होगी। शोभायात्रा काजगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा, जिसकी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। समिति की ओर से इस बार 10 दिन तक कार्यक्रम चला गया, पूर्व संध्या पर रंग जी मंदिर के सामने लक्ष्मी मंडप में भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ।

## डॉ.पंवार ने प्रचार किया

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** जैसलमेर के पूर्व जिला कलेक्टर रह चुके डॉ.ललित के पंवार ने सोमवार को गुरु महाराज बाल भारती के साथ मोदी मिशन 400 पार का प्रचार किया।

इस दौरान पूर्व नगर परिषद सभापति कविता कैलाश खत्री, महाराज बाल भारती और कैलाश खत्री, नरेंद्र व्यास भी शामिल रहे।

जैसलमेर के पूर्व जिला कलेक्टर डॉ. ललित के पंवार का पूर्व नगरपरिषद सभापति कविता खत्री और कैलाश खत्री ने अपने निवास पर पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

डॉ . ललित के. पंवार पूर्व भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी हैं। वह राजस्थान लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष और भारत सरकार में पर्यटन मंत्रालय और अल्पसंख्यक मामलों के पूर्व सचिव हैं ।

12 अप्रेल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बाड़मेर सभा के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में डॉ. ललित पंवार ने भाजपा ज्वाइन की थी।

## पहली बार वोट पर कई जनों को प्रमाण पत्र मिलेगा

**पाली, (नि.सं.)।** लोकसभा आम चुनाव2024 में शत प्रतिशत मतदान को बढ़ावा देने के लिये निर्वाचन आयोग के किये जा रहे नवाचार के तहत मतदान के दिन 26 अप्रेल को प्रातः 7 से 9 बजे के मध्य पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं को निर्वाचन विभाग की तरफ से सभी मतदान केन्द्रों पर प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) एलएन मंत्री ने बताया कि कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों पर प्रातः 7 से 9 बजे के बीच प्रथम बार वोट डालने वाले पहले 40 मतदाताओं को प्रमाण पत्र दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही अन्य मतदाता केन्द्रों पर प्रातः 7 से 9 बजे तक प्रथम बार वोटिंग करने वाले पहले 20 मतदाताओं को हर मतदान केन्द्र पर प्रमाण पत्र दिया जाएगा। साथ ही बताया कि नवविवाहित वर-वधु के द्वारा मतदान करके सेल्फी अपलोड करने पर प्रमाण पत्र दिया जाएगा। इसके साथ ही संयुक्त परिवार की तीन पीढ़ियों दादा-दादी, बेटा-बेटी और पोता-पोती द्वारा मतदान कर सेल्फी अपलोड करने पर भी सम्मानित किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी व नये मतदाताओं से अपील की है कि सभी लोकतंत्र में भागीदार बने।

## 'निर्वाचन आयोग के निर्देशों की पालना करें'

**जालोर, (कासं)।** जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा पार्थ ने कहा कि पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रशिक्षण में पूर्ण मनोयोग व निष्ठा से कर्तव्य व दायित्वों को समझकर निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चिचत करें।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा पार्थ मंगलवार को जी.एन.एम. ट्रेनिंग सेंटर लेटा में चल रहे पीठासीन व मतदान अधिकारियों के द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी।

उन्होंने कहा कि पूर्ण सजगता से गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त करें ताकि चुनाव कार्यो को सही तरीके से सम्पन्न करवाया जा सकें। उन्होंने कहा कि ईवीएम व वीवीपैट के प्रायोगिक प्रशिक्षण को गंभीरतापूर्वक प्राप्त कर सभी प्रक्रियाओं को बारीकी से समझें।

प्रशिक्षण के दौरान पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों के कर्तव्य व दायित्वों, ईवीएम-वीवीपैट हैण्ड्स ऑन प्रायोगिक प्रशिक्षण, ईवीएम-वीवीपैट कार्यप्रणाली का मास्टर ट्रेनर द्वारा पॉवर पोइन्ट प्रजेन्टेशन के माध्यम से प्रशिक्षण देकर जिज्ञासाओं का भी समाधान किया गया। प्रशिक्षण में मतदान से पूर्व व मतदान के पश्चात् संधारित किए जाने वाले विभिन्न प्रपत्रों के बारे में भी जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के प्रभारी अधिकारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी ने बताया कि द्वितीय प्रशिक्षण के तहत पीठासीन व मतदान अधिकारियों को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों की सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की जा रही हैं। इस अवसर पर प्रशिक्षण देने वाले डीएलएमटी, एएलएमटी तथा पीठासीन एवं मतदान अधिकारी उपस्थित रहे।

# विजय यात्रा के रूप में आज रामनवमी की शोभायात्रा, तैयारी पूरी

**जोधपुर, (कासं) ।** विश्व हिंदू परिषद् महानगर संचालित रामनवमी महोत्सव समिति द्वारा 17 अप्रैल रामनवमी पर शहर के घण्टाघर में विराट शोभायात्रा निकलेगी। इस महोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

पूरे जोधपुर शहर में रामीत्मक को लेकर गजब का उत्साह व राममय वातावरण बना हुआ है। हर ओर भगवा ध्वज, झंडे झंडिया पताकाएँ फरियों में शहर सजधज कर तैयार है रामभक्तो के स्वागत को आतुर है।

रामनवमी महोत्सव समिति की ओर से सोमवार शाम हुई पत्रकार वार्ता में समिति अध्यक्ष संदीप कावरा ने महोत्सव के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि विगत दिनों बाबा बागेश्वर के सफल आध्यात्मिक सत्र से शुरू हुए रामोत्सव में अब रामनवमी पर निकलने वाली विराट शोभायात्रा जो देश भर की यात्राओं में जोधपुर की अब्बल रहती है। उसकी अब की बार अलग ही पहचान होगी।

500 वर्षों के संघर्ष व विश्व हिंदू परिषद के रामजन्मभूमि आंदोलन को हाथ में लेकर सतत प्रयास जन जागरण रामज्योति यात्रा, सिला पूजन, चरण पादुका पूजन, कारसेवा सहित अन्य जागृति के माध्यम से लोगो को जोड़ते हुए सफलता प्राप्त कर अजाम देकर भव्य मंदिर निर्माण होकर प्राण प्रतिष्ठा तक के इस सफर पर इस बार विजय यात्रा भी होगी। झांकियों में इस बार राम जन्मभूमि आंदोलन के हर एक समय की झांकी, अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंघल के अथक प्रयासों व संतो के मार्गदर्शन में जो कार्य हुए उन सब की झलकियां होगी ताकि युवा पीढ़ी को इस प्राण प्रतिष्ठा व मन्दिर के संघर्ष का महत्व पता चल सके ।

### 29 अखाड़े होंगे शामिल

प्रेसवार्ता में समिति महामंत्री बिजयसिंह परिहार ने बताया कि इस बार शोभायात्रा में 29 अखाड़े जो आगे चलते हुए हतप्रभ करने वाले नुकीली किलो पर सोये व्यक्ति के ऊपर से मोटरसाइकिल निकलना, भारी पत्थर को सीने पर रख तोडऩा, मुँह से आग के गोले निकालते कार्यकर्ता के साथ तलवार लाठी चलाने का प्रदर्शन के साथ हैरतअंगेज करतब दिखाएंगे।

सामाजिक समरसता के साथ समाज को आदर्श जीवन जीने व व्यक्तित्व विकास को बहाने, पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त भारत, नारी सुरक्षा, राष्ट्र रक्षा, शिक्षित देश विकसित भारत सहित अन्य विषयों पर झांकिया होगी साथ प्रभु श्री राम के जीवन चरित्र, रामायण के हर पात्र की संजीव झांकी, उज्जैन महाकाल की भस्म टोली, दिल्ली की महादेव बारात, महाराष्ट्र नासिक के ढोल, बारह ज्योतिर्लिंग द्वारकाधीश व अयोध्या के प्रभु श्रीराम जी की झांकी इस बार सबसे प्रमुख आकर्षण का केंद्र होगी।135 से अधिक स्थानों से युवाओं की भगवा रैलियां 350 से अधिक झांकी व भजन मंडली होगी। अंत में विहिप के रामरथ में राम परिवार सहित मुसज्जित श्रृंगारित विराजमान होंगे। जिनकी पोशाक अयोध्या के विशेष कारीगरों द्वारा तैयार की गई है। वो पहनाई जाएगी।

### देवासी समाज के लोग ऊंट के साथ होंगे शामिल

मारवाड़ के महाकुंभ रामनवमी में सबसे राम सबमें राम के तहत इस बार जिले व आसपास के गांवों से एकत्रित होकर देवासी समाज अपनी पारम्परिक लाल साफा व सफेद धोती अंगरखी पहन हाथ में प्रतीक डांग लेकर हजारो की संख्या में शोभायात्रा में शामिल होंगे, जो ढोल थाली की ताल पर थिरवाते नजर आएंगे।

शोभायात्रा में मारवाड़ के गांवों से विश्नोई समाज के लोग भी सफेद धोती कुर्ते के साथ सफेद साफे में नजर आयेंगे जो पर्यावरण संरक्षण प्लास्टिक मुक्त शोभायात्रा व भारत का संदेश के साथ वन्य जीवों को बचाने व पक्षियों को दाना पानी से सेवा का भी संदेश देंगे।

प्रेसवार्ता में समिति महामंत्री डॉ राजकुमार भील पुरुषोत्तम बंसल प्रान्त उपाध्यक्ष मानाराम विश्नोई जिला अध्यक्ष प्रदीप सांखला प्रमोद जैन सहित पदाधिकारी उपस्थित थे।

पाली संवाददाता के अनुसार : पाली जिला मजिस्ट्रेट एलएन मंत्री ने रामनवमी एवं महावीर जयंती को लेकर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए है।

उन्होंने बताया कि उपखंड मजिस्ट्रेट पाली अशोक विश्नोई को सम्पूर्ण व्यवस्थाओं का प्रभारी, तहसीलदार पाली जितेन्द्र बबेरवाल को दोनों महोत्सव पर निकलने वाली शोभायात्रा के आगे एवं उप पंजीयक प्रथम पाली को शोभायात्रा के पीछे के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

अधिकारी जुलूस निकाले जाने के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना सुनिश्चित करेंगे।

# उत्कर्ष का डिस्काउंट 18 तक

**जोधपुर , (कासं)।** उत्कर्ष क्लासेस द्वारा रामनवमी पर्व पर देश भर के विद्यार्थियों को विशेष सौगात दी जा रही है जिसके तहत उत्कर्ष एप में उपलब्ध सभी ऑनलाइन कोर्सेस पर दो दिवसीय डिस्काउंट ऑफर रखा गया है।

उत्कर्ष क्लासेस के संस्थापक एवं निदेशक डॉ. निर्मल गहलोत ने बताया कि भगवान श्री राम के अवतरण दिवस को समर्पित पर्व राम नवमी के शुभ अवसर पर संस्था द्वारा उत्कर्ष एप में उपलब्ध 650 से अधिक ऑनलाइन कोर्सेस पर 17 तथा 18 अप्रैल, 2024 को आकर्षक छूट दी जा रही है जिसके अंतर्गत विद्यार्थी इन कोर्सेस पर 40 प्रतिशत तक का अतिरिक्त भारी डिस्काउंट प्राप्त कर सकते हैं।

डॉ. गहलोत ने बताया कि विद्यार्थियों को उपर्युक्त डिस्काउंट का लाभ उठाने के लिए विशेष कूपन कोड का इस्तेमाल करना होगा। इसके तहत उन्हें श्रीराम (अंग्रेजी शब्दों में) के नाम वाले कूपन कोड को अप्लाई करना होगा। गौरतलब है कि उत्कर्ष एप में आईएएस, यूपीपीसीएस, एमपीपीएससी, बीपीएससी, बीएसएससी, आरएएस, एसएससी, बैंक, रेलवे, केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) इत्यादि के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश तथा अन्य राज्यों के विभिन्न राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं सहित नीट-जेईई, सीयूईटी, डिफेंस, नर्सिंग, कृषि, न्यायिक सेवा परीक्षा, इंजीनियरिंग के ऑनलाइन कोर्सेस तथा सीबीएसई एवं विभिन्न राज्य बोर्ड के तहत कक्षा 6 से 12 तक (हिंदी व अंग्रेजी माध्यम) के ऑनलाइन ट्यूशन कोर्सेस उपलब्ध हैं। इन सभी श्रेणियों पर यह आकर्षक छूट उपलब्ध है। इसके साथ ही उत्कर्ष एप के ऑनलाइन कोर्सेस ई-मित्र, आरकेसीएल, उत्कर्ष एंबेसडर तथा सीएससी से प्राप्त करने पर 10 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट दी जाती है।

उत्कर्ष एप में उपलब्ध ऑनलाइन कोर्सेस अफोर्डेबल प्राइज में क्वालिटी एजुकेशन के साथ विद्यार्थियों के बीच अपनी खास पहचान बनाए हुए हैं। इन ऑनलाइन कोर्सेस के माध्यम से विद्यार्थियों को अनुभवी विषय विशेषज्ञों की लाइव तथा रिकॉर्डेड क्लासेस, ऑडियो-वीडियो लेक्चर्स सहित स्मार्ट ई-बुक्स एवं ई-नोट्स, क्लास पीडीएफ, सेल्फ टेस्ट्स क्रिएशन, ऑल इंडिया वीकली टेस्ट सीरीज, बहु-वैकल्पिक प्रश्नों के माध्यम से अभ्यास इत्यादि सुविधाएं नाममात्र के शुल्क में प्राप्त होती हैं।

# चोरी के दो आरोपी पकड़े

**जोधपुर, (कासं) ।** शहर के कायलाना झील के निकट से 12 अप्रेल को एक बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और दो बाइक चोरों को पकड़ा है।

राजीव गांधी नगर पुलिस ने बताया कि कबीर नगर कायलाना रोड निवासी अकरम पुत्र इस्माइल खां की बाइक कायलाना झील के पास से 12 अप्रेल को दिन में चोरी हो गई थी। जिस पर बाइक चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया। आरोपी की तलाश में लगी पुलिस की टीम ने दो वाहन चोरों गंगाणा बकरामंडी निवासी अजहरूदीन पुत्र बाबू खां और उसके साथी चौपासनी मस्जिद के पास रहने वाले सुल्तान पुत्र इस्तियाक अली को गिरफ्तार कर चोरी की बाइक को जब्त किया है। पुलिस वाहन चोरी की अन्य घटनाओं के बारे में पता लगाने का प्रयास कर रही है।

**आम सूचना**

साझेदारी फर्म M/S RAJENDRA STERLING STONE मादलपुरा भागली सिन्धलान जिला जालोर जिसका साझेदारी पंजीयन जिला उद्योग केन्द्र जालोर में पंजीयन क्रमांक 17/15/14/2007 दिनांक 31.05.2007 को किया हुआ है। जिसके भागीदार शपथ पत्र प्रस्तुत कर निवेदन करते है कि 1. फर्म में आदित्य मेहता पुत्र श्री राजेन्द्र मेहता, निवासी 07 रिषभ नगर, जालोर- 343001, जो कि यथावत भागीदार है 2. फर्म के भागीदार अनुपम बोहरा पुत्र श्री धनपत राज बोहरा, निवासी 23, रिषभ नगर, जालोर-343001 दिनांक 01.04.2024 को स्वेच्छा से हटाया जाता है। श्रीमती पिनु मेहता पत्नि श्री आदित्य मेहता निवासी 07, रिषभ नगर, जालोर-343001 को दिनांक 01.04.2024 से नया भागीदार बनाया जाता है।

## सार-समाचार

### शत प्रतिशत मतदान का अभियान जारी

**जालोर, (कासं)।** जिले में लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान स्वीप गतिविधि के तहत जसवंतपुरा उपखण्ड की कलापुरा ग्राम पंचायत स्थित मतदान केन्द्र पर जसवंतपुरा उपखण्ड अधिकारी रामलाल मीणा की अध्यक्षता में रात्रि चौपाल का आयोजन कर मतदाताओं को 26 अप्रेल को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया गया। रात्रि चौपाल के दौरान जसवंतपुरा तहसीलदार रामकल्याण मीणा ने लोकतंत्र में वोट के महत्व के बारे में बताते हुए ग्रामीणों से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। उन्होंने बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों को सक्रिय रहकर अधिक से अधिक लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने की कार्ययोजना के बारे में जानकारी दी। वही जिले में लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाता जागरूकता के लिए 17 से 23 अप्रेल तक "सतरंगी सप्ताह" कार्यक्रम का आयोजन किया जाकर मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया जायेगा। स्वीप के प्रभारी अधिकारी एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी ने बताया कि सतरंगी सप्ताह के अंतर्गत 17 अप्रेल, बुधवार को जिला मुख्यालय पर नगर परिषद कार्यालय जालोर में सायं 7.30 बजे लोक नृत्य कार्यक्रम व एक शाम लोकतंत्र के नाम सांस्कृतिक संध्या से मतदाताओं को 26 अप्रेल, मतदान दिवस पर शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया जायेगा। उपखण्ड व ग्राम स्तर पर लोक नृत्य के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जायेगा जिसमें वीएएफ प्रभारी, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट-गाइड, सिविल डिफेंस, ईएलसी, आंगनवाड़ी सहायिका-कार्यकर्ता, एएनएम, राजीविका सदस्य, एनयूएलएम, वीडीओ, बीएलओ, सुपरवाईजर व समस्त अधिकारी-कार्मिक भाग लेंगे।

### स्टीगर व बैनर का विमोचन किया

**पाली, (नि.सं.)।** लोकसभा आम चुनाव 24 को लेकर सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी पाली अशोक कुमार विश्नोई के निर्देशन में चल रहे मतदाता शिक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत मंगलवार को पाली तहसीलदार जितेन्द्र बबेरवाल ने जांगिड़ समाज की और से प्रकाशित मतदाता जागरूकता स्टीगर एवं बैनर का विमोचन किया। तहसीलदार जितेन्द्र बबेरवाल ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे की 26 अप्रैल को मतदान दिवस पर ज्यादा से ज्यादा लोग अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें। इसी लिए स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को जांगिड़ समाज सेवा समिति की और से प्रकाशित मतदाता जागरूकता स्टीगर का विमोचन कर सभी को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त होकर मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर जांगिड़ समाज अध्यक्ष रामचन्द्र जांगिड़ ने कहा कि समाज की और से प्रकाशित स्टीगर को समाजबंधुओं के प्रत्येक दुपहियां व चौपहियां वाहनों पर लगाकर समाज के साथ ही आमजन को मिशन 75 के तहत मतदान करने का संकल्प दिलाएंगे। मीडिया प्रभारी विक्रमसिंह परिहार, पारसमल, मधुसुदन, डायाराम, इन्द्रप्रकाश, बंशीलाल, संदीप बेगड़, मूलचंद डागा, रामचन्द्र नागल, धनराज नागल, शांतिलाल आसदेव, जगदीश बरवड़ा, महेन्द्र, दिनेश बुढल, महिला मंडल की अयोध्या, पुष्पा जांगिड़, प्रकाश जोशी, कुलदीप पंवार, अजयपालसिंह, लोकेश पंवार आदि मौजूद रहे।

### 'मनुष्य अपने दुर्लभ जीवन को समझे'

**पाली, (नि.सं.)।** वरिष्ठ नागरिक समिति जिला शाखा पाली की साप्ताहिक बैठक करण सिंह चाली के सभागार में 16 अप्रेल मंगलवार को जिला अध्यक्ष डॉ रामलाल मोहबारशा की अध्यक्षता में हुई। महामंत्री नरपत सिंह कुंपावत ने बताया कि ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की युवा बहन दिव्या दीदी ने महाशिवरात्रि और मनुष्य जीवन विषय पर वरिष्ठ जनों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने जीवन को समझें और अपना कल्याण करें , मनुष्य के कल्याण के लिए भगवान शिव कई बार अवतार लेकर भी आते हैं और अनेक प्रकार की लीलाएं करके मनुष्यों को मार्गदर्शन करते हैं। इस अवसर पर नवरत्न मल गुप्ता,लखपत राज सिंघवी , घनश्याम भटनागर,कृष्ण चंद्र जोशी,भंवरलाल मेवाड़ा , दिनेश दवे,ओटाराम सोलंकी आदि ने अपने विचार रखे। समिति अध्यक्ष रामलाल मोहबारशा ने दिनांक 24/04/2024 को नाडोल में राष्ट्रीय संत रूप मुनि महाराज के अस्थि कलश की स्थापना के लिए सदस्यों से नाडोल में भाग लेने का आव्हान किया। आज की इस साप्ताहिक मीटिंग में दिलीप सिंह चौधरी,हिम्मत राम फुलवारी, जगदीश दुबे,रामलाल गर्ग , रामदयाल गांधी,कमल किशोर, बाबूलाल अग्रवाल, जगाराम चौधरी, गोपाल दास मुंदडा , धन सिंह बडगूजर, मदन गहलोत, लाल चांद,गणेश राम परमार,प्रमोद कुमार माथुर, रामस्वरूप, श्रवण कुमार तंवर,कांतिलाल मुथा,गणपत सिंह दैय्या,तारा राम सुथार, रमेश पारीक,उपस्थित रहे व विचार व्यक्त किये। महामंत्री नरपत सिंह कुम्पावत द्वारा आभार व्यक्त कर सभा का समापन किया गया।

### पुलिस स्थापना दिवस मनाया

**जोधपुर, (कासं) ।** राजस्थान प्रदेश के अन्य जिलों की तरह जोधपुर में भी पुलिस दिवस के अवसर पर जवानों को और अधिक निष्ठा तथा कर्तव्य परायणता से ड्यूटी देने का संदेश दिया गया।राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस रातानाडा स्थित पुलिस लाइन परिसर में पुलिस कमिश्नर राजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कर पुलिस के जवानों द्वारा अब तक दिए गए बलिदान को याद किया गया ।पूर्ण निष्ठा, त्याग समर्पण से अपनी ड्यूटी को अंजाम देने के लिए पुलिस कमिश्नर राजेंद्र सिंह ने जवानों को आव्हान भी किया। लोकसभा चुनाव होने के कारण किसी बड़े आयोजन की बजाय पुलिस लाइन परिसर में पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर पुलिस कमिश्नर राजेंद्र सिंह, डिप्टी पुलिस कमिश्नर आलोक श्रीवास्तव और राजेश यादव ने पुलिस के अधिकारियों और जवानों को स्थापना दिवस की बधाई देने के साथ भविष्य में और अधिक उत्साह और निष्ठा के साथ अपने दायित्व को निभाने का आवाहन किया। पुलिस लाइन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस के अधिकारियों और जवानों ने उत्साह के साथ शिरकत की तो वहीं प्रारंभ में पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू के संदेश का पठन एडीसीपी नरपत सिंह ने किया।

### 102 वर्षीय महिला ने मतदान किया

**जालोर, (कासं)।** निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान 85 वर्ष से अधिक एवं दिव्यांगजन के लिए होम वोटिंग का प्रावधान किया गया है जिसके तहत प्रथम चरण में जालोर, आहोर, भीनमाल, सांचौर व रानीवाड़ा विधानसभा में सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के निर्देशन में तीसरे दिन मंगलवार को होम वोटिंग के तहत गठित मतदान दलों ने गोपनीयता के साथ मतदान करवाया। आहोर विधानसभा क्षेत्र में पचानवा ग्राम की 102 वर्षीय महिला मतदाता सुआ कंवर सहित वरिष्ठ नागरिकों ने होम वोटिंग के माध्यम से अपना मत डालकर लोकतंत्र में अपनी भागीदारी निभाई। वही होम वोटिंग के तहत जिले के दिव्यांग मतदाताओं ने भी उत्साहपूर्वक होम वोटिंग के माध्यम से मतदान किया। वही बुजुर्ग मतदाताओं ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इन चुनावों में वरिष्ठ नागरिक (85 वर्ष से अधिक) एवं दिव्यांगजन के लिए होम वोटिंग के प्रावधानों को प्रशंसनीय बताया।

### भाजपा महिला मोर्चा की बैठक

**रेवदर, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अंशु वशिष्ठ, रेवडर प्रधान राधिका देवासी व उप प्रधान उर्मिला वैष्णव के नेत्तव में मंडल अध्यक्ष रेशम कुंवर की अध्यक्षता में लोक सभा चुनावों को लेकर बैठक आयोजित की गई। वशिष्ठ ने बताया कि लोक सभा चुनावों में हमे घर घर जाके महिलाओं से भाजपा के पक्ष में वोट दिलाने की अपील करनी है रेशम कुंवर ने बताया कि अपने बूथ पर भाजपा को मजबूत करना है अगर बूथ जीते तो भाजपा को 400 पार से कोई नही रोक सकता है। इस दौरान महिला मोर्चा जिला संयोजक दक्षा देवडा,जिला महामंत्री बबिता मखीजा,जिला उपाध्यक्ष महालक्ष्मी झा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पामेरा में जल शपथ दिलवाई

**रेवदर, (निसं)।** रेवदर के निकट पामेरा के श्रीमती गलु बाई रामाजी चौधरी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में राष्टीय जल मिशन कैच द रेन के तहत विद्यार्थियों व स्टाफ को जल शपथ दिलवाई गयी।जिसमे पानी को बचाने व उसके विवेकपूर्ण उपयोग की शपथ दिलवाते हुए अपने परिवारजनों,मित्रों व पड़ोसियों को पानी के विवेकपूर्ण उपयोग व इसे व्यर्थ न करने के लिए प्रेरित करने की भी शपथ दिलवाई। इस मौके पर प्रधानाचार्य गमनाराम कोली,उत्सव प्रभारी दीपसिंह भाटी,सहप्रभारी जगदीश धारावत आदि उपस्थित थे।

# एक तरफ धरतीपुत्र, दूसरी तरप धनीपुत्र : लुम्बाराम चौधरी

**जालोर, (कासं)।** जालोर सिरोही लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी लुंबाराम चौधरी ने मंगलवार को आहोर विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की सेवा सेवक बन कर रहे है वैसे ही मैं आप सब के बीच मे रह जनता की सेवा, सेवक बन करूंगा। एक तरफ धरतीपुत्र है और दूसरी तरफ धनीपुत्र है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान की पूर्व गहलोत सरकार ने जालौर को विकास से अछूता रखा और अब वह अपने बेटे के लिए विकास के नाम पर वोट मांग रहे हैं और जनता को विकास के नाम पर बड़े - बड़े सपने दिखा रहे हैं। लेकिन अब जनता कांग्रेस की बातों में आने वाली नहीं है।

जनता ने अमावस बना लिया है कि देश में मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है और जालौर सिरोही सांचौर से कमल खिलाकर संसद में भेजना है। प्रत्याशी चौधरी ने बताया कि मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति हर वर्ग को मिला जिससे गरीब, किसान और वंचितों के जीवन स्तर में सुधार हुआ और पिछले दस सालों में 25 करोड लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले, सुरक्षित, मजबूत और विकसित भारत ही मोदी सरकार का संकल्प है।

विधायक छगन राजपुरोहित ने कहा कि आहोर विधानसभा से लुंबाराम चौधरी को ऐतिहासिक बढ़त दिलानी है और भाजपा को विजय बनाना है। इसके लिए आमजन साथ का चाहिए। लुम्बाराम चौधरी एक सामान्य परिवार से है और हमारे बीच में बैठने वाले और दुख सुख की घडी में साथ देने वाले व्यक्ति हैं। ऐसा किसान नेता हमें नहीं मिलेगा ।अब हमारा फर्ज है कि जालौर सिरोही लोकसभा क्षेत्र से ऐतिहासिक जीत दिलाई। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रोहित खत्री ने बताया कि मंगलवार को आहोर विधानसभा क्षेत्र के गोदन, सामुजा, मिठडी, बादनवाडी, देचू, देवकी, बोकडा, देबावास, पानवा, ओडवाडा, रायथल, सराणा, आईपुरा, वेडिया सहित कई गांवों के लोगों से जनसंवाद किया।

ग्रामीण लोगों ने चौधरी का फूल माला पहनाकर गर्म जोशी से स्वागत किया। इस मौके पर महावीर सिंह मुकेश राजपुरोहित गोपाल सिंह श्रवण कुमार ओबाराम देवासी मिश्रीमल मेघवाल वीरेंद्र सिंह नारायण सिंह धुकाराम पुरोहित नरपत सिंह भंवर सिंह परमवीर सिंह योगेश जितेंद्र राजपुरोहित गेमाराम मेघवाल भवानी सिंह सवाई सिंह लाल सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।



जालोर-सिरोही से भाजपा प्रत्याशी लुम्बाराम चौधरी ने आहोर क्षेत्र में जनसम्पर्क किया। फोटो-राष्ट्रदूत

# लक्ष्मण देवासी हत्या मामले में 6 आरोपी और गिरफ्तार

**सांचौर, (निसं)।** सांचौर के बहुचर्चित लक्ष्मण देवासी हत्याकाण्ड के मामले में नामजद छह और आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

जिला पुलिस अधीक्षक सांचोर हरीशंकर ने बताया कि 7 अगस्त 2023 को कस्बा सांचोर में लक्ष्मण देवासी पुत्र वीरमाराम देवासी निवासी नागोलडी की स्कार्पियो गाडी का अज्ञात आरोपीगण द्वारा पीछा कर गाडी रुकवाकर बदमाशों द्वारा लक्ष्मण देवासी पर अंधाधुंध फायरिंग कर लक्ष्मण देवासी की हत्या कर दी गई। उक्त घटना का मृतक के भाई तेजाराम की रिपोर्ट पर मुकदमां आर्मस एक्ट पुलिस थाना सांचोर में दर्ज कर मामले की तपतीश मांगीलाल राठोड पुलिस उप अधीक्षक सांचोर को सौंपी गई।

इस मामले में पूर्व में 9 आरोपीगण को गिरफ्तार कर उनके विरूद्व आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया गया तथा तीन अज्ञात शूटर्स एवं अन्य के विरूध अनुसंधान धारा सीआरपीसी के तहत लम्बित रखा गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए हरी शंकर पुलिस अधीक्षक सांचोर द्वारा अलग अलग पुलिस टीमों का गठन कर मृतक लक्ष्मण देवासी की गोलियां मारकर हत्या करने वाले शूटर्स को नामजद करने के निर्देश दिये गये। पुलिस टीमों द्वारा किये गये अनुसंधान से सामने आया कि पूर्व में गिरपतार मुलजिमान प्रकाश गोदारा, मुकेश कुमार खीचड, विष्णु खुडाला, कमलेश कुमार, तगसिंह एवं इनके साथियों द्वारा सुनियोजित षड्यन्त्र के तहत लक्ष्मण देवासी को मारने के लिए शूटर्स उपलब्ध करवाने का जिम्मा आरोपी विष्णु खुडाला को सौंपा गया। जिसके द्वारा मृतक लक्ष्मण देवासी की हत्या करवाने के लिए शूटर्स उपलब्ध करवाने को लेकर सालिक पुत्र साजिद मुसलमान निवासी रायपुर बेहात, जिला सहारनपुर, उतर प्रदेश को फिरोती दी, जिस सालिक द्वारा अपनी गैंग के बदमाशों साहिल अल्वी पुत्र सलीम निवासी सुधीर चक्की वाली गली हमीदा थाना शहर यमुना नगर जिला यमुना नगर एवं नवीन उर्फ गांधी पुत्र राजकुमार निवासी विष्णु नगर, पुलिस थाना फरकपुर, जिला यमुना नगर हरियाणा, राजन मेहरा पुत्र महेन्द्रसिंह प्रजापति निवासी मेहरा पुलिस थाना लाडवां जिला कुरूक्षेत्र हरियाणा को हथियार सहित विष्णु के साथ भेजा गया था। जिनके द्वारा मृतक लक्ष्मण देवासी पर गोलियां चलाकर उसकी हत्या को अंजाम दिया गया। प्रकरण की घटना को अंजाम देने में नामजद तीनों शूटर्स में से एक राजन मेहरा की 28 जनवरी 2024 को सालिक के ईशारे पर अपनी गैंग की रंजिश के कारण साहिल अल्वी व उसके साथियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। उक्त आरोपीगण की गिरपतारी को लेकर डिप्टी सांचोर जेठूसिंह करनोत के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर को हरियाणा भेजा गया। जिनके द्वारा को मृतक लक्ष्मण देवासी की हत्या करने वाले शूटर्स साहिल अल्वी पुत्र सलीम निवासी सुधीर चक्की वाली गली हमीदा थाना शहर यमुना नगर जिला यमुना नगर एवं नवीन पुत्र राजकुमार निवासी विष्णु नगर, पुलिस थाना फरकपुर, जिला यमुना नगर हरियाणा को गिरपतार कर बापर्दा किया जाकर गहन अनुसंधान किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए गहन अनुसंधान कर प्रकरण की घटना के षड्यन्त्र में शामिल अभियुक्त मांगीलाल पुत्र बाबुलाल विश्नोई निवासी बाछला, पुलिस थाना धोरीमना, सुरेशकुमार पुत्र मोहनलाल जाति विश्नोई निवासी चेनपुरा पुलिस थाना धोरीमना, हनुमानाराम पुत्र लालाराम जाति विश्नोई निवासी चोरा, पुलिस थाना झाब एवं घेवरचंद पुत्र भागचंद जाति विश्नोई निवासी मालवाडा, पुलिस थाना चिलवाना को नामजद कर गिरपतार किये जाकर गहन अनुसंधान से साक्ष्य एकत्रित किये गये। मामले में गिरपतार मुलजिमान से अनुसंधान जारी है, अनुसंधान से और भी लोगों के शामिल होने के पुख्ता सबूत पुलिस को मिले है। जिनके संबंध में गहन अनुसंधान किया जा रहा है।

# शोभायात्रा की तैयारी पूरी



जालोर में रामनवमी पर्व को लेकर सनातन महोत्सव समिति की बैठक आयोजित हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर, (कासं)।** विश्व हिन्दू परिषद् की प्रेरणा से सनातन महोत्सव समिति, जालोर की ओर से 17 अप्रैल को श्रीराम जन्मोत्सव एवं रामनवमी शोभायात्रा को लेकर सोमवार शाम 8 बजे जालंधरनाथ धर्मशाला में बैठक का आयोजन किया गया।

सनातन महोत्सव समिति के दिनेश जीनगर ने बताया कि ब्रह्मलीन शांतिनाथ महाराज की कृपा व गंगानाथ महाराज के आशीर्वाद से तथा प्रेमनाथ महाराज के संरक्षण में विश्व हिन्दू परिषद् की प्रेरणा से सनातन महोत्सव समिति, जालोर द्वारा श्रीराम जन्मोत्सव को लेकर बुधवार को रामनवमी को प्रात: 8 बजे भारत माता चौक, तिलक द्वार से भव्य शोभायात्रा का शुभारम्भ किया जायेगा। शोभायात्रा की शुरुआत साधू संतो द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की जायेगी। शोभायात्रा को सफल बनाने को लेकर अलग- अलग कुल 15 समितियां बनाकर जिम्मेदारी सौंपी गई। शोभायात्रा में ऊँट, घोडे, नौबत, रथ व विभिन्न झाँकियों का समागम होगा। कार्यक्रम संयोजक कैलाश माहेश्वरी के नेतृत्व में बनी समिति द्वारा पूरे मार्ग का निरीक्षण कर मार्ग का अवलोकन किया गया तत्पश्चात नगर परिषद सभापति गोविंद टांक से मिलकर रास्ते के खड्डों व रूट मार्किंग का निवेदन किया गया।

समिति के राजकुमार माली ने बताया कि शोभायात्रा को लेकर जगह-जगह विभिन्न संस्था, समाज एवं संगठनो द्वारा पुष्पवर्षा, जलपान, प्रसाद व आतिशबाजी की जायेगी। साथ ही गर्मी को देखते हुये पीने के पानी की व्यवस्था का ध्यान रखा जायेगा। रामनवमी शोभायात्रा भारत माता चौक, तिलक द्वार से दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुरू होकर हरिदेव जोशी सर्कल, पंचायत समिति, बडी पोल, घांचीयो की पिलानी, माणक चौक, सदर बाजार, गेंधी चौक, सुरजपोल होते हुये ट्रक यूनियन कार्यालय के सामने से कालका कॉलोनी, जागनाथ महादेव मन्दिर वाली गली से राजेंद्र नगर में प्रवेश करेगी वहाँ से अस्पताल चौराहा होते हुये पुन: रामदेवजी मन्दिर पंहुचेगी, जहां पर भगवान श्रीराम की भव्य आरती व प्रसाद वितरण के साथ शोभायात्रा का विसर्जन होगा।

### तलवार सहित धरा

**जोधपुर, (कासं) ।** शहर की नागौरी गेट पुलिस ने कागा रोड पर एक युवक को तलवार सहित आम्र्स एक्ट में गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक के खिलाफ पहले से ही छह प्रकरण विभिन्न धाराओं में दर्ज हो रखे है। नागौरी गेट थाने के एएसआई पप्पूसिंह सोमवार को गश्त पर थे। तब एक युवक हाथ में तलवार लेकर घूमते देखा गया था।

# दो दिवसीय पीपा जयंती महोत्सव 22 से शुरू होगा

**जोधपुर, (कासं) ।** संत शिरोमणि पीपाजी महाराज की 701वी जयंती 23 अप्रैल को धूमधाम से मनाई जाएगी।

पीपा जयंती पर दो दिवसीय कार्यक्रम 22 अप्रेल से आयोजित किए जाएंगे। शोभायात्रा 23 अप्रेल को निकाली जाएगी।

श्री समस्त पीपी क्षित्रय न्याति ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश चावड़ा तथा सचिव नरेश सोलंकी ने बताया कि 701वीं पीपा जयन्ती 23 अप्रैल को पूरे देश में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाई जाएगी। पीपा जयंती पर जोधपुर में दो दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जयंती महोत्सव के पहले दिन 22 अप्रैल को सुबह नौ बजे समाज के युवाओं द्वारा 16वां रक्तदान शिविर का आयोजन संयोजक दिलीप सोलंकी के सानिध्य में सुभाष चौक स्थित न्याति भवन में आयोजित होगा।

शिविर में 151 से अधिक यूनिट रक्तदान का लक्ष्य रखा गया है। गत वर्ष भी 151 यूनिट रक्तदान हुआ था। इसी दिन शाम को विजय चौक स्थित पीपा महाराज के मंदिर में भजन संध्या व हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा। इसके बाद 23 अप्रैल को सुबह शहर के सभी पीपाजी महाराज के मन्दिरों पर प्रात: पूजा अर्चना के साथ ही हवन किया जाएगा।

समाज के लोग अपने अपने घरों में आराध्य देव की पूजा पाठ कर विश्व शांति की प्रार्थना करेंगे। इसके बाद करीब सवा दस बजे शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा।

कोषाध्यक्ष राजेन्द्र सोलंकी ने बताया कि विजेन्द्र गोयल की देखरेख में निकाली जाने वाली शाभायात्रा में पचास से अधिक झांकियां शामिल होंगी। इनमें संत पीपा महाराज की जीवनी से संबंधित झांकी के साथ ही मतदान का संदेश देती झांकी प्रमुख होगी। वहीं सनातन संस्कृति से ओतप्रोत धार्मिक व सामाजिक संदेशप्रद झांकियों का समावेश होगा।

सूरसागर व विधानगर भवन से आने वाली झांकियां मुख्य शोभायात्रा में शामिल होगी। शोभायात्रा में 501 मातृशक्ति मंगल कलश लेकर अठिम पंक्ति में रहेगी।

मुख्य शोभायात्रा विजय चौक मंदिर से सुबह नौ बजे पूजा अर्चना के बाद रवाना होगी जो अजय चौक, उम्मेद चौक, त्रिपोलिया बाजार, सोजती गेट, नई सडक़, मोहनपुरा पुलिया होते हुए रातानाडा स्थित न्याति भवन पहुंचेगी। ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश चावड़ा, उपाध्यक्ष सुखाराम गोयल, कोषाध्यक्ष राजेंद्र सोलंकी, उपसचिव जगदीश डेरिया, उप कोषाध्यक्ष छगन सिंह दहिया सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा घर घर जाकर समाज के लोगों को आमंत्रण पत्रिका देकर निमंत्रण दिया जा रहा है। पत्रकार वार्ता में वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश दहिया, सुखाराम गोयल,पार्षद भीमराज राखेचा, पार्षद कब्बूलाल दैया, मोतीलाल राखेचा,श्री पीपा प्रकाश के संपादक नरेन्द्र चौहान सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# अनियमितता पर 25 मेडिकल फम के औषधि अनुज्ञापत्र निलंबित

**जालोर, (कासं)।** औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी एवं सहायक औषधि नियंत्रक जालोर भरत गोस्वामी द्वारा जालोर व सांचौर जिले में एनडीपीएस घटक युक्त औषधियों का विक्रय करने तथा रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट व कम्पीटेन्ट व्यक्ति अनुपस्थित पाये जाने सहित अन्य अनियमितता पाये जाने पर 25 फर्मों के औषधि अनुज्ञापत्रों को अलग-अलग अवधि के लिए निलंबित किया गया। साथ ही दो फर्मों की एनडीपीएस प्रोडक्ट परमिशन वापस ली गई।

सहायक औषधिक नियंत्रक जालोर भरत गोस्वामी ने बताया कि जालोर व सांचौर जिले मे स्थित मेडिकल स्टोर्स पर माह मार्च व अप्रेल में एनडीपीएस घटक युक्त औषधियों के दुरूपयोग को रोकने के लिए मार्च माह में औषधि नियंत्रण अधिकारी जालोर पुष्पा सोलंकी व दिनेश कुमार सुथार द्वारा विभिन्न मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया गया जिसमें कुछ मेडिकल दुकानों पर रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट व कम्पीटेन्ट व्यक्ति अनुपस्थित पाये गये तथा कुछ फर्मो द्वारा एनडीपीएस घटक युक्त औषधियाँ, ट्रामाडोल, कौडीन, अल्प्राजोलम, क्लोनाजेपम व अन्य प्रकार की औषधियों का विक्रय करना पाया गया तथा विवरण प्रस्तुत नहीं किया गया।

साथ ही शैड्यूल एच-1 रजिस्टर का संधारण करना नहीं किया गया।


उन्होंने बताया कि जालोर जिले में एनडीपीएस घटक युक्त औषधियों का विक्रय करने तथा रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट व कम्पीटेन्ट व्यक्ति अनुपस्थित पाये जाने सहित अन्य अनियमितता पाये जाने पर कार्यवाही करते हुए जालन्धरनाथ डिस्ट्रीब्युटर्स जालोर, रामदेव मेडिकल स्टोर जालोर, प्रिति फार्मा जालोर, राठौड़ मेडिकल जालोर, सती मेडिकल एण्ड जनरल स्टोर सायला, कृष्णा मेडिकल भीनमाल रोड़ सियावट-पोषाणा, लक्ष्मीनारायण मेडिकल माण्डवला, बालाजी मेडिकल स्टोर बिशनगढ़, पुजा मेडिकल स्टोर सांचौर, शिम्स मेडिकल कमालपुरा (सांचौर), शिवम मेडिकल स्टोर सांचौर, सांवरिया मेडिकल एण्ड जनरल स्टोर सांचौर, राठी मेडिकल एण्ड प्रोविजन स्टोर सायला, राम मेडिकल एण्ड जनरल स्टोर सायला, विनायक मेडिकल एण्ड जनरल स्टोर पोषाणा-सियावट, संतोष फार्मा भीनमाल, नमन मेडिकोज भीनमाल, गजानन्द मेडिकल स्टोर आहोर, रामेश्वर मेडिकल एण्ड जनरल स्टोर राउता, श्री फार्मेसी एण्ड जनरली स्टोर जालोर, करणी मेडिकल स्टोर सुराणा, सुरज मेडिकल स्टोर सायला, नवीन मेडिकल स्टोर आहोर, हनुमान मेडिकल स्टोर आहोर व राज मेडिकल एण्ड जनरल स्टोर सांचौर के अनुज्ञापत्रों को अलग-अलग समयावधि के लिए निलंबित किया गया साथ ही दो फर्मों की एनडीपीएस प्रोडक्ट परमिशन वापस ली गई।

### कांस्टेबल से 30 लाख की ठगी

**जोधपुर, (कासं) ।** आमजन को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करने वाली खुद पुलिस भी ठगी का शिकार होने लगी है। पुलिस आयुक्तालय पुलिस लाइन में कार्यरत रहा एक कांस्टेबल साइबर ठगी का शिकार हो गया। वह किसी टास्क के नाम पर धन दोगुना के जाल में फंस गया और 30 लाख रूपए लुटा बैठा। अब बासनी थाने में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दी है।

राजधानी जयपुर के पुलिस आयुक्तालय हिम्मपुरा तुंगा थाना क्षेत्र हाल जोधपुर पुलिस आयुक्तालय के कांस्टेबल राजेश मीणा की तरफ से धोखाधड़ी की रिपोर्ट दी गई है। इसमें बताया कि वह वर्ष 2015 में पुलिस कांस्टेबल के पद पर कार्यरत हुआ था। जुलाई 2021 में उसकी पोस्टिंग पुलिस लाइन में रही थी। तब उसके मोबाइल पर एक टेलीठाम मैसेज का लिंक आया था। जिसे खोलने पर पता लगा कि किसी कंपनी द्वारा धन दोगुना करने के लिए टास्क दिया जाता है। इस झांसे में आकर उसने लिंक को क्लिक करने के साथ वार्तालाप जारी रखा। कुछ समय तक तो उसे टास्क के नाम पर मुनाफा मिलता रहा, मगर बाद में मुनाफे बढऩे पर शातिरों ने भेजने के नाम रूपए डालने को कहा। चूंकि वह काफी रकम लगा चुका था और उसे अपने रूपए वापिस चाहिए थे। इसके लिए वह उनके झांसे में आता गया और दिसम्बर 21 तक 30 लाख रूपए शातिरों के खातों में फोन पे, यूपीआई और पेटीएम करता रहा। आखिरकार में उसकी रकम डूब गई, जोकि अब तक नहीं मिली। राजेश मीणा पुलिस आयुक्तालय में रहते क ई थानों में अपनी ड्यूटी की है। अब बासनी थाने में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दी है।

# शेखावाटी समाज संस्थान का होली स्नेह मिलन संपन्न




जोधपुर में शेखावाटी समाज संस्थान के समारोह को गजेंद्र सिंह शेखावत ने संबोधित किया।

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर में शेखावाटी समाज संस्थान का होली स्नेह मिलन आयोजित हुआ।

शेखावाटी समाज संस्थान जोधपुर के प्रवक्ता सुनील त्रिवेदी ने बताया कि शेखावाटी समाज संस्थान जोधपुर का होली स्नेह मिलन कार्यक्रम निराली ढाणी चोपसनी रोड में आयोजित हुआ। संस्थान के अध्यक्ष नागेन्द्र शेखावत ने बताया कि कार्यक्रम में शेखावाटी फतेहपुर की सुप्रसिद्ध ढप मंडली(याराना ढप मण्डल) द्वारा शेखावाटी की प्रचलित गीत एवम् नृत्य पेश किए गये, जिसमे संस्था के सभी सदस्यों ने परिवार सहित मण्डली के साथ ठुमके लगाये एव् एक दूसरे के गुलाल लगाकर होली स्नेह मिलन का लुफ्त उठाया।

इसके अलावा मोहम्मद रफी 2021 अवार्ड विजेता अख्तर अमीन द्वारा पेश किए गए नग्मों ने सभी सभी सदस्यों तथा अतिथियों को भाव विभोर कर सबका मन मोह लिया।

इस अवसर पर शेखावाटी समाज संस्थान के सचिव महेन्द्र गोदारा ने बताया कि स्नेह मिलन का यह कार्यक्रम भारत सरकार के जल शक्ति मन्त्री गजेन्द्र शेखावत के मुख्य आतिथ्य, राजस्थान लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ शिव सिंह राठौड की अध्यक्षता एवं राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत तथा पूर्व जिला प्रमुख पूना राम चौधरी के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में शेखावत ने परिवार सहित भाग लिया तथा संस्था के सभी सदस्यों के साथ कायक्रम का पूर्ण आनन्द लिया।

मुख्य अतिथि गजेन्द्र शेखावत ने अपने उद्बोधन में सभी संस्थान सदस्यों से भारत की संस्कृति, सनातन एवं देश के गौरव को बढाने के लिए अत्यधिक मतदान करने की अपील की जिसका संस्था के सभी सदस्यों ने तालियाँ बजाकर एक ध्वनि से समर्थन किया। संस्था की वर्तमान कार्यकारिणियी तथा संरक्षक सदस्यों ने अतिथियों का माला एवम् साफा पहनाकर स्मृति चिन्ह देकर स्वागत सत्कार किया।

